कार्यालय नजारत, जिला जजी, इटावा।

दिनांक : 02/01/2019

निविदा–सूचना

एतद्द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, इटावा में 82 अग्निशमन यंत्र ~~अ~~ ए0बी0सी0 टाइप व सी0ओ0टू0 टाइप (04 किग्रा0 के 30 अदद, 06 किग्रा0 के 41 अदद, 50 किग्रा0 का 01 अदद व 06 किग्रा0 के 10 अदद) के प्रतिष्ठित कम्पनी से क्रय एवं स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अधिकृत/पंजीकत डीलरों/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित किये जाते हैं। उक्त अधिकृत/पंजीकत डीलरों/फर्मो को निविदा के लिये दी गयीं शर्तो का पूर्णतया पालन करना होगा।

1– निविदा सीलबन्द लिफाफे में जनपद न्यायालय, इटावा के केन्द्रीय नजारत, इटावा में दिनांक 15.02.2019 (कार्यालय समय 10:00 बजे से शाम 04:30 बजे तक) अंतिम रूप से स्वीकार किये जायेगें।

2– निविदा खोलने का दिनांक 16.02.2019 को सायंकाल 04:00 बजे होगा।

3– निविदा सम्बन्धी प्रतिभूति धनराशि रू0 5,000/–(पॉच हजार रू0)मात्र का बैंक ड्राफ्ट निविदा के साथ जमा करना होगा।

4– निविदा की आपूर्ति करने वाले सामान की निर्माता कम्पनी मॉडल नं0 आदि विवरण अंकित करना अनिवार्य है।

5– निविदा करने वाली फर्म का वस्तु एवं सेवाकर कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

6– अग्निशमन यंत्रों का कय माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त अनुदान के अनुसार किया जायेगा।

7– किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा को होगा।

8– किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

9– निविदा खोलने के समय फर्म का एक प्रतिनिधि उपस्थित हो सकता है।

10– निविदा में दिये गये मूल्य के अतिरिक्त कोई भी भुगतान जैसे भाड़ा, वस्तु को स्थापित करने हेतु अन्य कोई व्यय देय नहीं होगा।

11– भुगतान वस्तु की आपूर्ति के उपरांत ही किया जायेगा। विलम्ब होने पर कोई भी अतिरिक्त शुल्क अथवा ब्याज आदि का दावा स्वीकार नहीं होगा।

12– अग्निशमन यंत्रों को कय करने की संख्या माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा प्राप्त अनुदान पर निर्भर करती है, जो घट–बढ़ सकती है।

13– अग्निशमन यंत्रों की आपूर्ति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से अनुदान प्राप्त हो जाने के उपरांत ही ली जायेगी।

14– निविदा में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय को क्षेत्राधिकार जनपद न्यायालय, इटावा में होगा।

15– निविदा आवेदन पत्र/फॉर्म रू0 150/– (एक सौ पचास मात्र) मात्र में केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, इटावा से किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

16– निविदा आवेदन पत्र/फॉर्म प्रतिभूति धनराशि रू0 5,000/– (पॉच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा के नाम से देय होगा, जिसे निविदा अस्वीकार किये जाने की स्थिति में फर्म को तुरन्त वापस किया जायेगा तथा स्वीकार निविदा का बैंक ड्राफ्ट निविदा की शर्तो के अनुरूप अग्निशमन यंत्रों की आपूर्ति होने के उपरांत फर्म को वापस किया जायेगा।

17– निविदा खोलने के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

18– आपूर्ति किये जाने वाले अग्निशमन यंत्रों के निर्माण अवधि किसी भी अवस्था में दो माह से अधिक की नहीं होनी चाहिये।

19– आपूर्ति किये जाने वाले अग्निशमन यंत्रो की धनराशि में जी0एस0टी0 एवं उसका प्रतिशत पृथक रूप से अंकित करना होगा।

दिनांक :....................

(अभिषेक पाण्डेय)
अध्यक्ष क्रय समिति/
X अपर जनपद न्यायाधीश,
इटावा।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0ओ0 नं0–562/उन्नीस–2–2007–1007(टी0सी0) दिनांकित 04.07.2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।

2–दस न्यायालय कक्ष भवन, जजी, इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

3–नाजिर, कलेक्ट्रेट, इटावा की सूचनापट, पर चस्पा किये जाने हेतु।

4–नाजिर, विकास भवन, इटावा, को सूचनापट, पर चस्पा किये जाने हेतु।

5–व्यापार कर अधिकारी, इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

6–नोडल अधिकारी–कम्प्यूटर्स को जनपद न्यायालय, इटावा एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर सूचनार्थ।

दिनांक :02.01.19

(अभिषेक पाण्डेय) 2/1/19
अध्यक्ष क्रय समिति/
X अपर जनपद न्यायाधीश,
इटावा।